भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2607
04/08/2026 को उत्तर के लिए

फिशिंग हार्बर का विकास

2607. श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी :

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में विशेषकर जुव्वालादिन्ने, उप्पाडा, निज़ामपटनम और मछलीपटनम में स्वीकृत किए गए फिशिंग हार्बर संबंधी पाँच परियोजनाओं की वर्तमान भौतिक प्रगति और स्थिति क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में बुदिगतलापालेम, पुदिमाडाका और कोथापटनम में फ़ेज़ -2 परियोजनाओं की स्थिति क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश में फिशिंग हार्बर और फिश लैण्डिंग सेन्टर परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) पीएमएमएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत की गई और जारी की गई केंद्रीय सहायता कितनी है और शेष प्रस्तावित परियोजनाओं की स्थिति क्या है; और

(ङ) विशाखापत्तनम फिशिंग हार्बर उन्नयन की संचालन स्थिति क्या है और वर्तमान नौका हैंडलिंग क्षमता तथा सक्रिय लाभार्थियों की संख्या कितनी है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की लैण्डिंग और नीलामी सुविधाओं के चालू होने की स्थिति क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (ड़) मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के केंद्र प्रायोजित योजना घटक के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में 2,328.89 करोड़ रुपए की कुल लागत से मात्स्यिकी परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें 681.38 करोड़ रुपए का केंद्रीय हिस्सा शामिल है और PMMSY के तहत आंध्र प्रदेश सरकार को ₹462.56 करोड़ की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है। स्वीकृत परियोजनाओं में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत आंध्र प्रदेश में 1,515.14 करोड़ रुपए की कुल लागत से मंजूर किए गए मत्स्यन बंदरगाहों के विकास की 4 परियोजनाएं (अर्थात पुदीमदका, बुडगाटलापालेम, कोथापटनम और काकीनाडा में), विशाखापट्टनम मत्स्यन बंदरगाह के आधुनिकीकरण की 1 परियोजना और मत्स्य लैंडिंग केंद्रों के विकास की 6 परियोजनाएं (अर्थात राजय्यापेटा, चिंतापल्ली, धोंडावाका, रायदारुवु, भीमिली और उप्पललका में) शामिल हैं।

मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने ब्लू रिवोल्यूशन संबंधी केंद्र प्रायोजित योजना (CSS): मात्स्यिकी का एकीकृत विकास और प्रबंधन के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के SPSR नेल्लूर जिले के जुव्वलादिन्ने में 288.80 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एक मत्स्यन बंदरगाह के निर्माण के आंध्र प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को मार्च 2020 में मंजूरी दी थी, जिसमें 138.29 करोड़ रुपए का केंद्रीय हिस्सा शामिल है। यह परियोजना पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) की सागरमाला योजना के साथ अभिसरण के तहत केंद्रीय हिस्से की समान भागीदारी से स्वीकृत की गई थी। आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि परियोजना की भौतिक प्रगति लगभग 97.98% पूरी हो चुकी है और अंतिम चरण का कार्य प्रगति पर है।

मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने मार्च 2020 में मात्स्यिकी और जलकृषि अवसंरचना विकास कोष (FIDF) योजना के तहत आंध्र प्रदेश सरकार के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी, जिसमें उप्पाड़ा में 289.4 करोड़ रुपए, निज़ामपटनम में 340.78 करोड़ रुपए और मछलीपट्टनम में 252 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 3 मत्स्यन बंदरगाहों का निर्माण शामिल है।

PMMSY और FIDF के तहत स्वीकृत विभिन्न मत्स्यन बंदरगाह और मत्स्य लैंडिंग केंद्र परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति के साथ स्वीकृत लागत का विवरण अनुबंध-I पर प्रस्तुत है।

मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) की सागरमाला योजना के साथ अभिसरण के तहत PMMSY के केंद्रीय क्षेत्र के घटक के अंतर्गत 178.51 करोड़ रुपए की लागत से "विशाखापट्टनम मत्स्यन बंदरगाह के आधुनिकीकरण और उन्नयन" की परियोजना को मंजूरी दी है। यह परियोजना विशाखापत्तनम बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित की जा रही है और यह सूचित किया गया है कि लगभग 53.75% प्रगति प्राप्त कर ली गई है तथा इस परियोजना को दिनांक 31.03.2027 तक पूरा किए जाने का प्रस्ताव है। इस मत्स्यन बंदरगाह की वर्तमान पोत संचालन क्षमता 400 यंत्रीकृत मत्स्यन पोत है। पूरा होने पर, इस आधुनिकीकरण परियोजना से बेहतर मत्स्य लैंडिंग, रख-रखाव, नीलामी और पोस्ट-हार्वेस्ट अवसंरचना प्रदान करके लगभग 10,000 मछुआरों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होने की उम्मीद है।

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में 'स्मार्ट और एकीकृत मत्स्यन बंदरगाह के विकास' के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के शेष प्रस्ताव को मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार द्वारा जून 2026 में PMMSY के तहत 72.42 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से मंजूरी दी गई थी।

*****

अनुबंध-I

"फिशिंग हार्बर का विकास" के संबंध में माननीय सांसद सदस्य, लोकसभा, श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी द्वारा पूछे गए दिनांक 04.08.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2607 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण: PMMSY और FIDF के तहत अनुमोदित विभिन्न मत्स्यन बंदरगाह (फिशिंग हार्बर) और मत्स्य लैंडिंग केंद्र परियोजना की वर्तमान स्थिति के साथ स्वीकृत लागत का विवरण:

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	योजना	परियोजना लागत (करोड़ रुपए में)	अनुमोदन का वर्ष	स्थिति
1.	पुदिमदका मत्स्यन बंदरगाह का विकास	PMMSY	387	2022-23	राज्य सरकार द्वारा कार्य निर्धारण चरण में है। सूचित किया गया है कि आंध्र प्रदेश सरकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी मोड पर अनाकापल्ली जिले में तटीय कार्गो बर्थ के साथ-साथ पुदीमदका मत्स्यन बंदरगाह के विकास की संभावना तलाश रही है।
2.	बुदुगतलापालेम मत्स्यन बंदरगाह का विकास	PMMSY	386.2	2022-23	बुडुगाटलापलेम मत्स्यन बंदरगाह के अनुमान राज्य सरकार द्वारा दरों की नई अनुसूची (SoR) 2026-27 के अनुसार संशोधित किए जा रहे हैं।
3.	कोठापट्टनम मत्स्य बंदरगाह का विकास	PMMSY	364	2022-23	कोथापट्टनम मत्स्यन बंदरगाह के अनुमान नई दरों की अनुसूची (SoR) 2026-27 के अनुसार राज्य सरकार द्वारा संशोधन के अधीन हैं।
4.	काकीनाडा में स्मार्ट और एकीकृत मत्स्यन बंदरगाह का विकास	PMMSY	72.42	2026-27	कार्य प्री-टेंडरिंग चरण में है।
5.	विशाखापत्तनम मत्स्यन बंदरगाह का आधुनिकीकरण और उन्नयन	PMMSY	178.51	2021-22	कार्य की भौतिक प्रगति 53.75 प्रतिशत है।
6.	राजय्यापेटा मत्स्य लैंडिंग केंद्र का विकास	PMMSY	24.77	2021-22	कार्य एजेंसी को सौंप दिया गया है और प्रगति पर है।
7.	चिंतापल्ली मत्स्य लैंडिंग केंद्र का डेवलपमेंट	PMMSY	23.74	2021-22	कार्य एजेंसी को सौंप दिया गया है और प्रगति पर है।
8.	धोंडावाका मत्स्य लैंडिंग केंद्र का विकास	PMMSY	23.90	2022-23	कार्य एजेंसी को सौंप दिया गया है और प्रगति पर है।
9.	रायदारुवु मछली लैंडिंग सेंटर का विकास	PMMSY	23.90	2022-23	नई दरों की अनुसूची (SoR) 2026-27 के अनुसार राज्य सरकार द्वारा कार्यों के प्राक्कलन में संशोधन किया जा रहा है।

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	योजना	परियोजना लागत (करोड़ रुपए में)	अनुमोदन का वर्ष	स्थिति
10.	भीमिली मत्स्य लैंडिंग केंद्र का विकास	PMMSY	24.86	2021-22	नई दरों की अनुसूची (SoR) 2026-27 के अनुसार राज्य सरकार द्वारा कार्यों के प्राक्कलन में संशोधन किया जा रहा है।
11.	उप्पलंका मत्स्य लैंडिंग केंद्र का डेवलपमेंट	PMMSY	5.74	2022-23	नई दरों की अनुसूची (SoR) 2026-27 के अनुसार राज्य सरकार द्वारा कार्यों के प्राक्कलन में संशोधन किया जा रहा है।
12.	उप्पाडा में मत्स्यन बंदरगाह का निर्माण	FIDF	289.40	2019-20	कार्य की भौतिक प्रगति 86.09 प्रतिशत है।
13.	निज़ामपट्टनम में मत्स्यन बंदरगाह का निर्माण	FIDF	340.78	2019-20	कार्य की भौतिक प्रगति 81.61 प्रतिशत है।
14.	मछलीपट्टनम में मत्स्यन बंदरगाह का निर्माण	FIDF	252.00	2019-20	कार्य की भौतिक प्रगति 71.96 प्रतिशत है।
15.	वोडारेवु में मत्स्यन बंदरगाह का निर्माण	FIDF	409.22	2019-20	यह कार्य राज्य सरकार द्वारा सूत्रीकरण चरण में है।

****